सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-चार **विषय:हिंदी** **पाठ:11 हेलन केलर**

कठिन शब्द

1)ज्वर

2)नेत्रहीन

3)बधिर

4)चिंतित

5अनुभव

6)दृष्टिहीन

7)ज़िम्मेदारी

8)आत्मनिर्भर

9)हमदर्दी

10)शारीरिक

11)प्रोत्साहन

12)स्नातक

13)उपाधि

14)सम्मानित

15)ब्रेल लिपि

16)प्रेरणा

17)घुड़सवारी

18)रुकावट

19)दृढ़ निश्चय

20)ज़िद्दी

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1)एनी सलिवान कौन थी ? उसने हेलन की पीड़ा को कैसे समझा ?

उत्तर एनी सलिवान एक अध्यापिका थी । वह कुछ समय के लिए दृष्टिहीन रह चुकी थी, वह स्वयं ऐसी पीड़ा झेल चुकी थी ।इसलिए वह हेलन की पीड़ा को समझ सकती थी ।

प्रश्न 2) एनी ,हेलन को कैसे सीखाना चाहती थी?

उत्तर एनी ,हेलन को प्यार , हमदर्दी और दृढ़-निश्चय के साथ सिखाना चाहती थी ।

प्रश्न 3)हेलन शब्दों को कैसे सीखने लगी ?

उत्तर जब एनी शब्द बोलती थी ,तो हेलन उनके होठों को छूकर शब्द सीख लेती थी ।

प्रश्न 4) हेलन ने पढ़ने के अलावा और क्या-क्या सीखा ?

उत्तर हेलन ने पढ़ने के अलावा शतरंज, ताश खेलना, तैरना , घुड़सवारी और नाव चलाना भी सीखा ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1) हेलन केलर ने अपने परिश्रम के बल पर क्या-क्या हासिल किया ?

उत्तर हेलन केलर ने अपने परिश्रम के बल पर स्नातक की उपाधि प्राप्त की ।उसे 'डॉक्टर ऑफ़ लॉ' से सम्मानित किया गया । उसने 'मेरा धर्म' और 'मेरे जीवन की कहानी' आदि पुस्तकें भी लिखी ।

प्रश्न2) हेलन ने कौन सी प्रभावशाली बात कही?

उत्तर हेलन ने एक प्रभावशाली बात कही जो आज भी लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है- "ईश्वर एक द्वारा बंद करता है, तो दूसरा खोलता भी है, लेकिन हम बंद द्वार की ओर ही ताकते रहते हैं । जो द्वार हमारे लिए खोला गया है ,उस ओर हमारा ध्यान ही नहीं जाता ।

प्रश्न3)हेलन मूक, बधिर और नेत्रहीन कैसे हो गई ?

उत्तर हेलन अभी डेढ़ वर्ष की ही थी, कि एक दिन अचानक उसे तेज़ बुखार आ गया ।वह बुखार इतना भयानक था कि जिसने उसकी आँखों की रोशनी, बोलने और सुनने की शक्ति छीन ली। धीरे-धीरे हेलेन मूक, बधिर और नेत्रहीन भी हो गई ।

प्रश्न4) एनी सलिवान, हेलन को उसका माता-पिता से दूर क्यों ले गई ?

उत्तर हेलेन अपनी शारीरिक कमियों के कारण क्रोधी और जिद्दी बन गई थी। एनी यह जानती थी कि उसके इस स्वभाव को प्यार से ही बदला जा सकता है । इसके लिए उसे उसके माता-पिता से दूर रखना होगा क्योंकि जिद्दी स्वभाव के कारण कभी-कभी माता-पिता बच्चों को डाँट भी देते हैं । इसलिए एनी सलिवान हेलन को उसके माता-पिता से दूर ले गई ।

रिक्त स्थान भरिए ।

1)वह चाहती थी कि हेलन आत्मनिर्भर बने ।

2)उसके माता-पिता हर समय उसके भविष्य को लेकर चिंतित रहते थे ।

3)12 वर्ष की आयु तक हेलन बिना रुकावट के बोलने लगी ।

4)एनी का स्नेह, धैर्य और परिश्रम रंग लाया ।

5)हेलेन केलर एक प्यारी सी नन्हीं बच्ची थी ।

वाक्य बनाइए।

1)प्रोत्साहन -उत्साह बढ़ाना

शिक्षक ने छात्रों को प्रोत्साहन दिया ताकि वह खेल के मैदान में अच्छा प्रदर्शन कर सके ।

2)प्रयास - कोशिश

अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए ।

3)ब्रेल लिपि - वह लिपि जिसमें नेत्रहीन व्यक्ति पढ़ना वह लिखना सीख सकते हैं

लुई ब्रेल ने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया था ।

4)उपाधि - पादवी

हेलन ने अपने परिश्रम के बल पर स्नातक की उपाधि प्राप्त की ।

5सम्मानित - इज्ज़त देना

प्रधानाचार्य द्‌वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।